हिन्दी प्रादेशिक समाचार

आकाशवाणी चंडीगढ़

(तिथि 25 फ़रवरी 2025, समय 1810 (10 मिनट)

- हरियाणा के मुख्यमंत्री नायब सिंह ने आज पानीपत और करनाल में दावा किया कि कई बड़े नेता बीजेपी की नीतियों से प्रभावित होकर पार्टी में आ रहे हैं।

  करनाल में कांग्रेस के बड़े नेता बाल मुकुंद शर्मा पूर्व विधायक नरेंद्र सांगवान भारतीय जनता पार्टी में शामिल हुए।

- दिल्ली की एक अदालत ने आज 1984 के सिख विरोधी दंगों से जुड़े एक मामले में पूर्व कांग्रेस सांसद सज्जन कुमार को आजीवन कारावास की सजा सुनाई।

  पंजाब के राज्यपाल एवं चंडीगढ़ के प्रशासक गुलाब चंद कटारिया और हरियाणा विधान सभा अध्यक्ष हरविन्द्र कल्याण ने लोगों को महाशिवरात्रि की शुभकामनायें दी।

  भिवानी जिले में जिला शिक्षा अधिकारी ने अपना कार्यभार संभाला।

*********

हरियाणा के मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी ने आज पानीपत में रोड शो निकाला और बी जे पी की महापौर पद की प्रत्याशी कोमल सैनी और पार्षदों के नामांकन दाखिल करवाए।

इस अवसर पर मीडिया से बातचीत में उन्होंने कहा -

सी एम -ए

बी जी पी में शामिल होने वाले कॉग्रेसी नेताओं को लेकर उन्होंने कहा वे पार्टी की नीतियों से प्रभावित हो कर आए हैं। काँग्रेस पर तंज कसते हुए उन्होंने कहा -

2-बाइट -सी एम -

उन्होंने पानीपत में एक जनसभा को भी संबोधित किया और पार्टी प्रत्याशियों के लिए वोट मांगे।

***********

आज करनाल में कांग्रेस के बड़े नेता बाल मुकुंद शर्मा भारतीय जनता पार्टी में शामिल हो गए । कांग्रेस के प्रवक्ता रहे बाल मुकुंद शर्मा ने मुख्यमंत्री नायब सैनी और भारतीय जनता पार्टी के प्रदेश अध्यक्ष मोहन लाल बडौली की मौजूदगी में भारतीय जनता पार्टी की सदस्यता ग्रहण की।करनाल में आज पूर्व विधायक व कांग्रेस के वरिष्ठ नेता नरेंद्र सांगवान ने भी भारतीय जनता पार्टी का दामन थाम लिया। मुख्यमंत्री और बी जे पी के प्रदेश अध्यक्ष मोहनलाल बड़ोली ने उन्हें पार्टी का पटका पहनाकर पार्टी में शामिल कराया। गौरतलब है कि एक दिन पहले ही नरेंद्र सांगवान ने कांग्रेस को अलविदा कहा था।

***********

मुख्यमंत्री नायब सिंह के आज करनाल में नगर निगम चुनावों को लेकर कई कार्यक्रमों में भाग लिया । उन्होंने महापौर पद की प्रत्याशी रेनू बाला गुप्ता और पार्षद पद के उम्मीदवारों के लिए चुनाव प्रचार किया उनके साथ बी जे पी प्रदेश अध्यक्ष मोहनलाल बडोली भी मौजूद रहे।श्री मोहनलाल बड़ौली ने पत्रकारों से बातचीत में कहा कि कांग्रेस को चुनाव में उतारने के लिए उम्मीदवार नहीं मिल रहे। –

श्री मोहनलाल बडोली

आज कांग्रेस के कई वरिष्ठ नेताओं के बीजेपी में शामिल होने पर उन्होंने कहा -

श्री मोहनलाल बडोली

उन्होंने कहा कि यह देश के लोकप्रिय प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी जिन्होंने देश के गौरव को बढ़ाने का काम किया है उनकी नीतियों का परिणाम है, कि लोग बी जे पी में या रहे हैं।बी जे पी अध्यक्ष ने कहा कि उनकी पार्टी विचारधारा वाली पार्टी है। उन्होंने अपनी पार्टी की जीत का दावा भी किया।

***********

प्रादेशिक सामाचार आकाशवाणी चंडीगढ़ से प्रसारित किए जा रहे हैं।

हमारे बुलेटिनों और ताज़ा समाचारों के लिए आप हमारी वेबसाइट newsonair.gov.in पर लॉग- इन कर सकते हैं।

यह समाचार हमारे यू- ट्यूब चैनल और एक्स हैंडल Akashvani News Chandigarh पर भी उपलब्ध हैं।

***********

दिल्ली की एक अदालत ने आज 1984 के सिख विरोधी दंगों से जुड़े हत्या के एक मामले में पूर्व कांग्रेस सांसद सज्जन कुमार को आजीवन कारावास की सजा सुनाई। विशेष न्यायाधीश कावेरी बावेजा ने एक नवंबर 1984 को जसवंत सिंह और उनके बेटे तरुणदीप सिंह की हत्या के मामले में यह फैसला सुनाया। अभियोजन पक्ष और पीड़ितों के परिवार ने अधिकतम सजा की मांग की थी। सज्जन कुमार पहले से ही दंगों से संबंधित एक अन्य हत्या मामले में आजीवन कारावास की सजा काट रहे हैं और उनकी अपील सर्वोच्च न्यायालय में लंबित है।

***********

पंजाब के राज्यपाल एवं चंडीगढ़ के प्रशासक गुलाब चंद कटारिया ने महाशिवरात्रि की पूर्व संध्या पर लोगों को हार्दिक बधाई और शुभकामनाएं दी हैं।अपने संदेश में राज्यपाल ने कहा, ''मैं भगवान शिव के सभी भक्तों को अपनी हार्दिक शुभकामनाएं और शुभेच्छा प्रेषित करता हूं। उनकी दिव्य कृपा सभी के जीवन में शांति, खुशी और समृद्धि लेकर आए।''उन्होंने आगे कहा कि महाशिवरात्रि का पावन उत्सव प्रार्थना, ध्यान और सद्कर्मों के लिए नई ऊर्जा प्राप्त करने का अवसर है। उन्होंने कहा, ''आइए प्रार्थना करें कि हमारा जीवन उत्तम स्वास्थ्य, सद्विचारों और सत्कर्मों से आलोकित रहे।''

***********

हरियाणा विधान सभा अध्यक्ष हरविन्द्र कल्याण ने भी प्रदेशवासियों को महाशिवरात्रि की शुभकामनाएं देते हुए सभी के लिए सुख-समृद्धि की कामना की है। उन्होंने कहा कि यह पर्व त्याग, तपस्या और समर्पण का संदेश देता है। उन्होंने भगवान शिव से सभी के जीवन में सुख-समृद्धि का संचार करने की प्रार्थना भी की है।

***********

भिवानी जिले में जिला शिक्षा अधिकारी के लगभग एक माह से खाली पड़े पद को भर दिया गया है। लंबे समय तक पद खाली रहने के चलते विभाग के विभिन्न काम अटके पड़े थे। आज पदभार संभालने के बाद जिला शिक्षा अधिकारी सुभाष चंद्र भारद्वाज ने कहा–

सुभाष चंद्र भारद्वाज

उन्होंने कहा कि भले उनके पास भिवानी जिले का अतिरिक्त कार्यभार हो, परन्तु वे प्राथमिकता के आधार पर रुके हुए कार्यो को निपटाएंगे।

***********

महज 11 व 12 वर्ष की आयु में एशिया बुक ऑफ रिकॉर्ड में 2 बार अपना नाम दर्ज करवाने वाले भाई-बहन हार्दिक व लावण्या ने एक बार फिर से खुद का रिकॉर्ड तोड़ कर एक नया रिकॉर्ड बनाया है। द ग्रेट भिवानी द्वारा आयोजित मैराथन में दोनों धावकों ने बिना पानी पिए दौड़ते हुए नया रिकॉर्ड कायम किया । 20 किलोमीटर की यह दौड़ एथलीट हार्दिक ने एक घंटा 48 मिनट 54 सेकंड में पूरी की।

हार्दिक ने आकाशवाणी समाचार को बताया –

हार्दिक

लावण्या ने यह दौड़ 2 घण्टे 2 मिनट 23 सेकेंड में पूरी की। लावण्या ने बताया -

लावण्या

इस बार दोनों धावकों ने सडक़ यानी पक्के ट्रैक पर अपने से 18-35 वर्ग आयु में दौड़ते हुए अपने से बड़े एथलीटों को चुनौती देते हुए यह उपलब्धि हासिल की।

***********

हरियाणा विधानसभा में आगामी 2 और 3 अप्रैल को युवा संसद का आयोजन किया जाएगा।इस आयोजन में करीब 10 राज्यों के 35 से 40 युवा भाग लेंगे।हरियाणा विधान सभा के अध्यक्ष हरविन्द्र कल्याण ने राजधानी युवा संसद नाम की संस्था के पदाधिकारियों के आग्रह पर युवा संसद आयोजित करने की अनुमति दी है। इस दौरान युवाओं को संसदीय प्रणाली और संविधान मूल्यों के बारे में जागरूक किया जाएगा।